दिन– गुरुवार | दिनांक– 31 / 07 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। | अवधि – 15 मिनट

---

01. बिहार में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर संसद में आज भी विपक्षी दलों का हंगामा जारी रहा। दोनों सदनों की कार्यवाही कई बार स्थगित हुई।

02. चुनाव आयोग एसआईआर के दूसरे चरण में कल करेगा प्रारूप निर्वाचक सूची का प्रकाशन। दो अगस्त से एक सितम्बर तक मतदाता कर सकेंगे दावा आपत्ति।

03. राष्ट्रीय जाँच एजेंसी–एनआईए की मुंबई स्थित विशेष अदालत ने मालेगांव विस्फोट मामले में पूर्व सांसद प्रज्ञा ठाकुर समेत सभी आरोपियों को बरी किया। भाजपा ने कहा – कांग्रेस का भगवा आतंकवाद का षडयंत्र हुआ धराशायी।

04. और, राज्य में कल से घरेलू उपभोक्ताओं के लिए एक सौ पच्चीस यूनिट मुफ्त बिजली योजना होगी लागू।

---

संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही आज बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के मुद्दे को लेकर विपक्षी सदस्यों के जोरदार हंगामे और नारेबाजी के भेंट चढ गयी। दोनों सदनों में प्रश्नकाल बाधित होने के साथ ही दिनभर की कार्यवाहीं प्रभावित रही। हंगामे और शोर–शराबा के कारण लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही कई बार स्थगित करनी पड़ी।

---

राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण– एसआईआर के दूसरे चरण में कल प्रारूप निर्वाचक सूची का प्रकाशन किया जाएगा। निर्वाचन आयोग ने कहा है कि मतदाता और राजनीतिक दल इस सूची पर दो अगस्त से एक सितम्बर तक दावा आपत्ति कर सकते हैं। एक रिपोर्ट..

–––रिपोर्ट–––

चुनाव आयोग ने यह जानकारी दी है कि दावा आपत्ति के निष्पादन के लिए सभी प्रखंड सह अंचल कार्यालय तथा शहरी निकाय कार्यालयों में विशेष कैंप लगाए जायेंगे। ये कैंप सप्ताह के सातों दिन पूर्वाह्न दस बजे से अपराह्न पांच बजे तक संचालित होंगे।

---

निर्वाचन आयोग ने उपराष्ट्रपति चुनाव की तैयारी तेज कर दी है। आयोग ने आज विज्ञप्ति जारी कर निर्वाचक मंडल की अद्यतन सूची तैयार कर लेने की जानकारी दी है। उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए निर्वाचक मंडल में राज्यसभा के निर्वाचित और मनोनीत सदस्य तथा लोकसभा के निर्वाचित सदस्य शामिल हैं। आयोग के सहायक निदेशक अपूर्व कुमार सिंह ने बताया कि चुनाव की अधिसूचना जारी होने के साथ आयोग के काउंटर पर इसे उपलब्ध करा दिया जाएगा। गौरतलब है कि संविधान के अनुच्छेद– तीन सौ चौबीस के अनुसार भारत के उपराष्ट्रपति का चुनाव कराने का दायित्व निर्वाचन आयोग का है।

---

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना के लिए एक हजार नौ सौ बीस करोड़ रुपये के अतिरिक्त राशि के साथ कुल छह हजार पांच सौ बीस करोड़ रुपये की राशि को मंजूरी प्रदान की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आज हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट के निर्णयों की जानकारी देते हुए कहा कि पंद्रहवें वित्त आयोग चक्र दो हजार इक्कीस–बाईस से दो हजार पच्चीस–छब्बीस तक के लिए ये राशि मंजूर की गयी है।

–––बाइट–––

श्री वैष्णव ने बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बिहार समेत छह राज्यों के तेरह जिलों में रेलवे की चार मल्टीट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इससे भारतीय रेलवे का मौजूदा नेटवर्क का लगभग पांच सौ चौहत्तर किलोमीटर विस्तार हो जाएगा।

–––बाइट–––

---

राष्ट्रीय जाँच एजेंसी–एनआईए की मुंबई स्थित एक विशेष अदालत ने दो हजार आठ के मालेगांव विस्फोट मामले में पूर्व सांसद प्रज्ञा ठाकुर और लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित सहित सभी आरोपियों को बरी कर दिया है। विस्फोट की यह घटना उनतीस सितंबर दो हजार आठ को नासिक के मालेगांव शहर में घटी थी। इस घटना में छह लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए थे। मीडिया से बातचीत में एक आरोपी के वकील रंजीत नायर ने कहा कि अभियोजन पक्ष आरोपियों के खिलाफ आरोप साबित करने में असफल रहा है।

———बाइट——

कोर्ट के सीधे से ऑब्जर्वेशन यह है कि आरोपी के खिलाफ सबूत नहीं दाखिल कर पाई प्रॉसिक्यूशन, इस वजह से कोर्ट ने निर्दोष मुक्तता कर दिया। हमारे पास, किसी भी एक्यूज के पास में कोई सी भी बॉम्ब के.. ट्रेसेस नहीं रिकॉर्ड हुए।

---

भारतीय जनता पार्टी ने मालेगांव विस्फोट में सभी आरोपियों को बरी करने के एनआईए की विशेष अदालत के फैसले का स्वागत किया है। भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने इसे ऐतिहासिक दिन बताया। उन्होंने देश में भगवा आतंकवाद का झूठा माहौल बनाने के कांग्रेस के षडयंत्र की आलोचना करते हुए कहा कि वोट बैंक के लिए रचा गया सुनियोजित राजनीतिक षडयंत्र अब धराशायी हो गया है।

———बाइट———

---

राज्य में कल से घरेलू उपभोक्ताओं के लिए एक सौ पच्चीस यूनिट मुफ्त बिजली योजना लागू हो जाएगी। पिछले दिनों राज्य कैबिनेट की बैठक में इस संबंध में प्रस्ताव मंजूर किया गया था। इसके तहत एक सौ पच्चीस यूनिट तक बिजली उपयोग करने वाले उपभोक्ताओं का बिल शून्य हो जाएगा। जबकि अन्य उपभोक्ताओं को एक सौ पच्चीस यूनिट की खपत तक की योजना का लाभ मिलेगा। फ्री बिजली का लाभ जुलाई महीने के बिजली खपत पर ही मिलने लगेगा। इससे करीब एक करोड़ छियासी लाख उपभोक्ताओं को लाभ पहुंचेगा।

---

प्रदेश के अधिकतर भागों में मानसूनी बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान गयाजी जिले के डोभी में सबसे अधिक नब्बे दशमलव दो मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गयी। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि आज कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद, गयाजी, नवादा, जमुई और बांका जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की संभावना है। वहीं, कटिहार, भागलपुर, मुंगेर और खगड़िया समेत राज्य के दक्षिण–पूर्वी और उत्तरी भागों में कुछ स्थानों पर आंधी–पानी की आशंका है।

———बाइट———

---

प्रदेश की नदियों के जलग्रहण क्षेत्र में भारी बारिश के कारण गंगा, गंडक, कोसी और महानंदा समेत विभिन्न नदियों के जलस्तर में बढ़ोत्तरी दर्ज की गयी है। केंद्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगा नदी का जलस्तर बक्सर से मुंगेर तक बढ़ा है। पटना के गांधी घाट और हाथीदह में नदी का जलस्तर खतरे के निशान के बिल्कुल करीब पहुंच गया है। इधर, गंडक नदी का जलस्तर गोपालगंज के डुमरिया घाट में चेतावनी स्तर से आधा मीटर ऊपर दर्ज किया गया। बूढ़ी गंडक नदी का जलस्तर खगड़िया में लाल निशान के अत्यंत करीब पहुंच गया है। वहीं, कोसी नदी का जलस्तर खगड़िया के बलतारा में खतरे के निशान से करीब डेढ़ मीटर ऊपर बना हुआ है।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज मुजफ्फरपुर के भगवानपुर चौक पर आयोजित कार्यक्रम में जिले में कई विकास योजनाओं की नींव रखी। श्री कुमार ने छह सौ पचास करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली सात बड़ी परियोजनाओं का ऑनलाइन शिलान्यास किया। इनमें शिवहर–मीनापुर–कांटी सड़क समेत कई पुल–पुलियों का निर्माण शामिल है। इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

---

राज्य सरकार आंगनबाड़ी सेविकाओं को मोबाईल खरीदने के लिए ग्यारह हजार रूपये की राशि देगी। समाज कल्याण विभाग की सचिव वंदना प्रेयषी ने बताया कि इसके लिए वित्त विभाग ने राशि का आवंटन कर दिया है। उन्होंने बताया कि एक लाख से अधिक सेविकाओं के बैंक खाते में यह राशि भेजी जायेगी। श्रीमती प्रेयषी ने कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्रों में ऑनलाईन गतिविधियों को देखते हुये सरकार ने यह फैसला किया है।

---

मुंगेर पुलिस ने जिले के खड़गपुर प्रखंड क्षेत्र में चलाए जा रहे छह मिनी गन फैक्ट्री का उद्‌भेदन किया है। पुलिस ने गंगटा थाना क्षेत्र अंतर्गत पोकरी बहियार क्षेत्र में छापेमारी कर भारी मात्रा में देशी हथियार और हथियार बनाने के उपकरण के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक सैय्‌द ईमरान मसूद ने बताया कि मौके से फरार तीन लोगों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है।

---

आकाशवाणी पटना की प्रशासनिक अधिकारी यासमीन बानो चौवालीस वर्षों की सरकारी सेवा के बाद आज सेवानिवृत्त हो गयीं। इस अवसर पर उनके सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। आकाशवाणी केंद्र, पटना के प्रमुख हेमंत डी. सिडाम सहित वरिष्ठ अधिकारियों और सहकर्मियों ने उनके कार्यो की सराहना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

———————————————————

समस्तीपुर के रहने वाले वैभव सूर्यवंशी को ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भी भारतीय अंडर–नाईनटीन टीम में शामिल कर लिया गया है। इस दौरे पर भारतीय टीम तीन वनडे और दो टेस्ट मैच खेलेगी। इक्कीस सितम्बर को पहला वनडे मैच खेला जाएगा। इससे पहले, इंग्लैंड के खिलाफ अंडर नाईनटीन वनडे सिरीज के दौरान वैभव सूर्यवंशी ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए कई रिकॉर्ड बनाए थे।

———————————————————

शिवहर के विधायक चेतन आनंद और पटना एम्स के सुरक्षा गार्ड तथा मेडिकल स्टॉफ के बीच मारपीट मामले में फुलवारीशरीफ थाने में मामला दर्ज कराया गया है। पटना पश्चिमी के पुलिस अधीक्षक भानू प्रताप सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। फिलहाल इस मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

———————————————————

राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री सह बेगूसराय के प्रभारी मंत्री संजय सरावगी ने आज जिले के गांधी स्टेडियम में आकांक्षा हाट का उद्घाटन किया। यह मेला स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए लगाया गया है।

———————————————————

शेखपुरा जिले का बत्तीसवां स्थापना दिवस आज समारोहपूर्वक मनाया जा रहा है। इस अवसर पर जिलाधिकारी आरिफ अहसन के नेतृत्व में प्रभात फेरी निकाली गयी।

———————————————————

सुपौल जिले के बलुआ बाजार थाना क्षेत्र अन्तर्गत पश्चिम बड़ी नहर के पास से पुलिस ने एक पिकअप वैन से सत्रह सौ किलो से अधिक गांजा जब्त किया है।

———————————————————

रोहतास जिले के दिनारा थाना क्षेत्र अंतर्गत बेलवईया गांव में जमीन विवाद को लेकर हुई गोलीबारी में एक युवक घायल हो गया। घटना को लेकर क्षेत्र में तनाव को दखेते हुए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है।

---

पश्चिम चंपारण जिले में नरकटियागंज के भैरोगंज थना क्षेत्र अंतर्गत बहुअरवा खुर्द गांव में मेला देखने गए बच्चियों के साथ छेड़–छाड़ करने और उन्हें अगवा करने के प्रयास के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. बिहार में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर संसद में आज भी विपक्षी दलों का हंगामा जारी रहा। दोनों सदनों की कार्यवाही कई बार स्थगित हुई।

02. चुनाव आयोग एसआईआर के दूसरे चरण में कल करेगा प्रारूप निर्वाचक सूची का प्रकाशन। दो अगस्त से एक सितम्बर तक मतदाता कर सकेंगे दावा आपत्ति।

03. राष्ट्रीय जाँच एजेंसी–एनआईए की मुंबई स्थित विशेष अदालत ने मालेगांव विस्फोट मामले में पूर्व सांसद प्रज्ञा ठाकुर समेत सभी आरोपियों को बरी किया। भाजपा ने कहा – कांग्रेस का भगवा आतंकवाद का षडयंत्र हुआ धराशायी।

04. और, राज्य में कल से घरेलू उपभोक्ताओं के लिए एक सौ पच्चीस यूनिट मुफ्त बिजली योजना होगी लागू।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।